भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2865 का उत्तर

नई इंटरसिटी ट्रेन

2865. श्री सप्तगिरी उलाका:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या रेलवे का रायगढ़ से भुवनेश्वर तक नई इंटरसिटी ट्रेन, विशाखापत्तनम से जयपुर तक नई इंटरसिटी ट्रेन, विशाखापत्तनम से मुंबई वाया रायगढ़ तक ट्रेन और जयपुर से रायपुर जंक्शन इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने के संबंध में कोई प्रस्ताव है;**

(ख) **यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन्हें कब तक शुरू किए जाने की संभावना है अथवा रेलवे द्वारा उपरोक्त रेल सेवाओं को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;**

(ग) **क्या रेलवे भीषम कटक आम्बोदला (रायगढ़ जिला) की सभी एक्सप्रेस ट्रेनों/महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव पर विचार कर रही है; और**

(घ) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन ठहरावों को कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): इस समय, भुवनेश्वर के साथ रायगड़ा 4 जोड़ी गाड़ियों से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त, विशाखापट्टनम से मुंबई के लिए 3 जोड़ी गाड़ी सेवाएं (रायगड़ा के रास्ते एक जोड़ी सहित) और जैपोर के लिए 2 जोड़ी गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। एक्सप्रेस गाड़ी की एक जोड़ी रायपुर के साथ जैपोर से जुड़ी हुई है। इन मार्गों पर अतिरिक्त गाड़ियों को शुरू करना,

mm

फिलहाल, भुवनेश्वर, विशाखापट्टनम, मुंबई एवं रायपुर पर टर्मिनल बाध्यताओं सहित परिचालनिक और संसाधनों की तंगियों तथा मार्गवर्ती खंडों पर लाइन क्षमता की कठिनाइयों के कारण व्यवहार्य नहीं है।

(ग) और (घ): इस समय, बिसम कटक और अंबोडाला स्टेशन को क्रमश: 4 जोड़ी एवं 11 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इस समय, इन स्टेशनों पर अतिरिक्त मेल/एक्सप्रेस सेवाओं को ठहराव देना परिचालनिक रूप से लाभदायक नहीं है। बहरहाल, इन स्टेशनों के यात्री टिटलागढ़/रायगड़ा पर गाड़ी बदल कर यात्रा कर सकते हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर गाड़ी सेवाओं को ठहराव देने का प्रावधान एक चालू प्रक्रिया है, बशर्ते परिचालनिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य हो।

*****

mm